an>

Title: Need to change the name of 'Robertsganj' Parliamentary Constituency in Uttar Pradesh as 'Sonbhadra'.

श्री छोटेलाल (राबर्ट्सगंज) : जब देश गुलाम था और गुलामी के जंजीरों में जकड़ी हुई भारत माँ कराह रही थी तब हमारे देश के क्रांतिकारी रणबांकुरे जाबांज सिपाहियों ने इस वतन के बलिवेदी पर अपने जीवन की आहूति देकर इस देश को आजाद करवाया। तब से आज तक अंग्रेजों का रखा हुआ नाम अभी भी राबर्ट्सगंज ही है। मतलब सीधे-सीधे अंग्रेजों के नाम से है।

मेरे संसदीय क्षेत्र राबर्ट्सगंज का नाम बदलकर सोनभद्र संसदीय क्षेत्र किया जाये। उत्तर प्रदेश में स्थिति भारत सरकार के उपक्रमों का नाम राबर्ट्सगंज के स्थान पर समस्त अभिलेखों में सोनभद्र उल्लेख किया जाये जिससे कि सोनभद्र के लोगों को अंग्रेजों द्वारा दिया गया नाम राबर्ट्सगंज की जगह सोनभद्र हो सके। और सभी निकायों में स्थित भारत सरकार के उपक्रमों तथा रेलवे स्टेशन, डाकघर, सभी राष्ट्रीयकृत बैंकों एवं अन्य विभागों द्वारा सभी अभिलेखों में सोनभद्र का नाम करने वास्ते सभी अधिकारियों को आदेश देने की कृपा करें तथा जिसके लिए प्रभावित कार्यवाही माननीय अध्यक्ष महोदया आपके स्तर से प्रार्थनीय है।

अतः सादर अनुरोध है कि उत्तर प्रदेश के संसदीय क्षेत्र राबर्ट्सगंज का नाम बदलकर सोनभद्र संसदीय क्षेत्र किया जाये ताकि अंग्रेजों के रखे हुए नाम से जनता को मुक्ति मिल सके।